# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2019 (ANNUAL)

## NRB (Model Set)

समय : 01 घंटा 37.5 मिनट　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक – 50

**Time: 01 Hour 37.5 Minute**　　**I.A. – NRB- MB- NON-HINDI**　　**Full Marks : 50**

*परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–*

**Instruction for the candidates :-**

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. इस प्रश्न–पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 7.5 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
4. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है।, खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
5. खण्ड–अ में पच्चीस वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक के लिए एक अंक निर्धारित है। इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR–शीट में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।)
6. खण्ड–ब में कुल 5 (पाँच) विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।
7. किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक–यंत्र का प्रयोग वर्जित है।

# खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 25 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनके साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR–शीट पर चिह्नित करें। 1 X 25 =25

*बहुवैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर दें:–*

1. महादेवी वर्मा का जन्म किस वर्ष में हुआ था ?

   (A) 1950 ई0 (B) 1940 ई0

   (C) 1907 ई0 (D) 1951 ई0

2. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का जन्म किस वर्ष में हुआ था ?

   (A) 1907 ई0 (B) 1917 ई0

   (C) 1940 ई0 (D) 1950 ई0

3. कविवर रवीन्द्रनाथ ठाकुर का जन्म किस वर्ष में हुआ था ?

   (A) 1861 ई0 (B) 1761 ई0

   (C) 1661 ई0 (D) 1561 ई0

4. रामधारी सिंह दिनकर का जन्म किस राज्य में हुआ था?

   (A) उत्तर प्रदेश (B) बिहार (C) उड़ीसा (D) केरल

5. सुमित्रानंदन पंत का जन्म किस राज्य में हुआ था ?

   (A) दिल्ली (B) मध्यप्रदेश (C) उत्तरांचल (D) पं0 बंगाल

6. इनमें से कौन–सी रचना प्रेमचंद की है ?

   (A) मंगर (B) पूस की रात (C) गौरा (D) ठेस

7. 'रहीम' हिन्दी साहित्य में किस काल के कवि हैं ?

(A) आधुनिककाल (B) आदिकाल

(C) भक्तिकाल (D) रीतिकाल

8. हिन्दी साहित्य में कथा सम्राट, इनमें से किसे कहा गया है ?

(A) नागार्जुन (B) रामवृक्ष बेनीपुरी

(C) प्रेमचंद (D) फणीश्वरनाथ रेणु

9. इनमें से आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी की कौन–सी रचना है ?

(A) अशोक के फूल (B) मंगर

(C) गौरा (D) ठिठुरता हुआ गणतंत्र

10. इनमें से "प्रकृति का सुकुमार कवि" किस कवि को कहा जाता है ?

(A) दिनकर (B) नागार्जुन (C) सुमित्रानंदन पंत (D) रेणु

11. "आँखों का तारा" मुहावरे का अर्थ होता है –

(A) अत्यंत प्रिय होना (B) अत्यंत अप्रिय होना

(C) प्रियजन होना (D) प्रियजन न होना

12. "दाँत–काटी रोटी होना" मुहावरे का अर्थ है –

(A) बहुत शत्रुता होना (B) बहुत मित्रता होना

(C) दाँत से रोटी काटना (D) इनमें से कोई नहीं।

13. "पवित्र" शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) पौ + इत्र (B) प + इत्र

(C) पो + इत्र (D) पा + इत्र

14. ''धर्मात्मा'' शब्द का संधि–विच्छेद है '

(A) धर्म + आत्मा
(B) धर्म + दुरात्मा
(C) धरम + आत्मा
(D) धर्मा + आत्मा

15. ''राजा'' शब्द का विलोम शब्द है –

(A) प्रजा
(B) गुलाम
(C) रानी
(D) राजतंत्र

16. ''अमृत'' शब्द का विलोम है –

(A) मीठा
(B) विष
(C) शहद
(D) इनमें से कोई नहीं

17. ''आँख'' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

(A) नेत्र
(B) नेत्रहीन
(C) अँजन
(D) इनमें से कोई नहीं।

18. ''पृथ्वी'' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

(A) दिशा
(B) पाताल
(C) आसमान
(D) वसुन्धरा

19. ''जो व्याकरण जानता हो'' इसके लिए एक शब्द है –

(A) कवि
(B) वैयाकरण
(C) आचार्य
(D) विद्वान

20. ''जो ईश्वर में विश्वास रखता है'' इसके लिए एक शब्द है –

(A) श्रद्धालु
(B) आस्तिक
(C) नास्तिक
(D) इनमें से कोई नहीं।

21. ''लोक'' शब्द का विशेषण है –

(A) लौकिक (B) अलौकिक (C) पारलौकिक (D) परलोक

22. ''राज'' शब्द का विशेषण है –

(A) राजनीति (B) राजकीय

(C) राजनीतिज्ञ (D) अराजनीतिज्ञ

23. 'काल' के कितने भेद होते हैं ?

(A) तीन (B) दस

(C) बारह (D) बीस

24. इनमें से द्रव्यवाचक संज्ञा कौन है ?

(A) सोना–चाँदी (B) गंगा–यमुना

(C) सभा (D) बुढ़ापा

25. इनमें से समूहवाचक संज्ञा कौन है ?

(A) कामधेनु गाय (B) फर्नीचर

(C) सभा (D) चतुराई

## खण्ड – ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

*विषयनिष्ठ प्रश्न कुल 25 अंकों का होगा।*

1. निम्नलिखित में से किसी एक का भावार्थ लिखिए– 5

(i) जो रहीम ओछौ बढ़ै, तो अति ही इतराइ।
प्यादा सों फरजी भयो टेढ़ो टेढ़ो जाइ।।

(ii) जब गरजे मेघ, पपीहा बोले, बोले–डोले
गुलजारों में लेकिन काँटों की झाड़ी में,
बुलबुल का गान कहीं सुन्दर
तेरी मुस्कान कहीं सुन्दर।।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर अपने शब्दों में लिखिए – 5

(i) प्रेमचन्द रचित कहानी 'पंचपरमेश्वर' के शीर्षक की सार्थकता पर चर्चा करें।

(ii) रामधारी सिंह दिनकर का कवि–परिचय लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 1X5=5

(i) 'गौरा' रेखाचित्र की लेखिका का नाम लिखें।

(ii) 'संस्कृति के चार अध्याय' के लेखक का नाम लिखें।

(iii) चलना है केवल चलना है, जीवन चलता ही रहता है – किस पाठ से उद्घृत है ?

(iv) 'गोदान' उपन्यास के लेखक का नाम लिखें।

(v) 'गेहूँ और गुलाब' के रचयिता कौन हैं ?

(vi) गाय के नेत्रों में हिरन के नेत्रों जैसा पंक्ति विस्मय न होकर एक आत्मीय

विश्वास ही रहता है।'' – किस पाठ से उद्धृत है ?

4. संक्षेपण करें : 5

शिक्षण, कर्ण – वेध–संस्कार जैसा होता है। कर्ण–वेध के समय पीड़ा के भय से बालक सिर इधर–उधर न घुमाए, इसलिए मीठी बातों से उसका चित्त आकृष्ट करके सूई तरह चुभाते हैं कि उसे पीड़ा न मालूम हो, ठीक स्थान पर छेद हो जिससे कर्णाभरण ठीक से बैठ जाए और मुख की शोभा बढ़े। इसी तरह गुरूजन सत्यवचन से विद्या प्रदान करें, जिससे शिष्य को कष्ट न हो, ऐसा प्रतीत हो, मानो उसे अमृत प्रदान करते हों। शिष्य भी विद्या–दाता को माता–पिता समझें, कभी उन्हें दुःख न पहुँचाएें। इस प्रकार शिक्षण पाया हुआ मानव, जीवन में प्रकाश पाएगा और विकास कर सकेगा।

5. निम्नलिखित में से किसी एक पर निबंध लिखें। 5

(i) आपका प्रिय कवि

(ii) राष्ट्रीय एकता

(iii) पर्यावरण संरक्षण

(iv) नारी सशक्तीकरण

(v) नशा–उन्मूलन

अथवा

अपने महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन–पत्र लिखें जिसमें महाविद्यालय में लिये जाने वाले अतिरिक्त क्रीड़ा – शुल्क को माफ करने के लिए अनुरोध करें।